भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 473
उत्तर देने की तारीख 06 फरवरी, 2024
17 माघ, 1945 (शक)

अंतर्राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

473. श्री अनिल फिरोजिया:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अंतर्राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए अन्य देशों के साथ किन्हीं समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो किन-किन राष्ट्रों के साथ इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु कोई योजना बनाई जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी हां । युवाओं के बीच एक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य विकसित करने और विभिन्न देशों के युवाओं के बीच विचारों, मूल्यों और संस्कृति के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए, युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मित्र देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों यथा आर्मेनिया, बहरेन, बांग्लादेश, बेलारूस, ब्रिक्स राष्ट्र, मिस्र, फिजी, ग्रीस (हेलेनिक गणराज्य), इंडोनेशिया, कुवैत, किर्गिस्तान, मालदीव, मोरोक्को, नेपाल, फिलिस्तीन, रूस, सऊदी अरब, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), सेनेगल, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, ट्यूनीशिया, तुर्कमेनिस्तान और वियतनाम के साथ किए गए 25 समझौता ज्ञापन (एमओयू)/संयुक्त वक्तव्य समझौता ज्ञापन सक्रिय हैं ।

(ग) और (घ) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

****